impact
www.impactmeasurement.co.in

Hamara Mahanagar

Mumbai - Jul 02, 2019

Page No:	9	Type:	Newspaper
Page Name:	n.a.	Language:	Hindi
Size:	74 sq. cm	Circulation:	359,225
AVE:	INR 13,928	Frequency:	Random

News monitored for: Lemon Tree Hotels

Title: Lemon Tree to buy Berggruen Hotels

मुंबई में कदम रखेगा लेमन ट्री

मुंबई। लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड ने लेमन ट्री प्रीमियर-मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विशेष प्रीव्यू आयोजित किया। इस प्रीव्यू में नए होटल को दिखाया गया, जो शीघ्र ही शहर में खुलने वाला है। यह महाराष्ट्र में पुणे के बाद लेमन ट्री प्रीमियर वाला दूसरा शहर होगा और महाराष्ट्र में औरंगाबाद एवं पुणे के बाद तीसरा ऐसा शहर होगा, जहां कंपनी अपना होटल चलाएगी। इस होटल के खुल जाने के बाद, लेमन ट्री द्वारा 34 शहरों में चलाए जाने वाले 57 होटल्स के कमरों की संख्या लगभग 5800 हो जाएगी। इसके साथ ही, यह मध्यम-दर वाले होटल के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा होटल चेन बन जाएगा। महत्वपूर्ण रूप से मुंबई के व्यावसायिक केंद्र अंधेरी पूर्व में स्थित, इस आधुनिक होटल का उद्देश्य बिजनेस एवं लीजर दोनों ट्रैवलर्स के साथ-साथ भारत की वाणिज्यिक राजधानी के स्थानीय कॉर्पोरेट खंड को आकर्षित करना होगा। एस एवुसर पर एक्सक्लूसिव प्रीव्यू लांच पर टिप्पणी करते हुए, पातंजलि केसवानी, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने कहा कि हमें अपने आगामी होटल, लेमन ट्री प्रीमियर-मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का एक्सक्लूसिव प्रीव्यू आयोजित करने की खुशी है। मुंबई हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है और बिजनेस एवं लीजर ट्रैवलर्स के लिए एक प्रमुख डेस्टिनेशन भी। यह होटल महत्वपूर्ण रूप से छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक और मुंबई के वाणिज्यिक/औद्योगिक केंद्रों में से एक स्थित है।

© Hamara Mahanagar